Regarding need to establish a Sainik School in Sheohar district, Bihar-Laid

श्रीमती लवली आनंद (शिवहर) **:** शिवहर जैसे पिछड़े क्षेत्र में एक सैनिक स्कूल की स्थापना की जाए । शिवहर, बिहार का एक पिछड़ा जिला है, जहां शिक्षा और सैन्य प्रशिक्षण के लिए उच्च गुणवत्ता वाले संस्थानों की कमी है । सैनिक स्कूल की स्थापना से न केवल युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी, बल्कि उन्हें राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करने और सशस्त्र बलों में शामिल होने का अवसर भी प्राप्त होगा । सैनिक स्कूलों का उद्देश्य छात्रों को शैक्षणिक और शारीरिक रूप से सशक्त बनाना है, ताकि वे भारतीय सशस्त्र बलों में अधिकारी बन सकें । शिवहर जैसे क्षेत्र में ऐसे संस्थान की स्थापना से स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे और उनका सामाजिक-आर्थिक विकास होगा । अतः, मैं सरकार से अनुरोध करती हूं कि शिवहर जिले में एक सैनिक स्कूल की स्थापना की जाए, ताकि इस क्षेत्र के युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का समान अवसर प्राप्त हो सके ।